मास्टरमाइंड की तलाश, संजीव मुखिया पर शक

नीट पेपर लीक व सिपाही भर्ती पेपर लीक के तार आपस में जुड़े

राज्य ब्यूरो, जागरण • पटना : नीट (यूजी) पेपर लीक मामले में बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) अब मास्टरमाइंड की तलाश में जुट गई है। जांच टीम का मानना है कि पिछले दिनों हुए सिपाही भर्ती परीक्षा, शिक्षक भर्ती परीक्षा और नीट पेपर लीक के तार आपस में जुड़े हैं। इन सभी पेपर लीक में बिहार के नालंदा के रहने वाले संजीव मुखिया का नाम प्रमुखता से सामने आ रहा है। पुलिस ने संजीव की तलाश फिर से तेज कर दी है। गिरफ्तारी से बचने के लिए संजीव मुखिया ने अग्रिम जमानत याचिका भी दाखिल की है, जिस पर 25 जून को सुनवाई होनी है।

दूसरी तरफ, ईओयू ने शिक्षा मंत्रालय को सौंपी जाने वाली रिपोर्ट तैयार कर ली है। ईओयू के वरीय अधिकारी शनिवार को दिल्ली जाकर नीट पेपर लीक मामले में अब तक की जांच रिपोर्ट सौंपेंगे। इसके अलावा पांच मई को पेपर लीक की सूचना के बाद खेमनीचक, बोर्ड कालोनी, एजी कालोनी आदि इलाकों में छापेमारी के बाद बरामद नीट परीक्षार्थियों के एडमिट कार्ड, बुकलेट और जले हुए प्रश्न-पत्र के अवशेष आदि की जानकारी भी दी गई है।

नीट पेपर लीक मामले में बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई मास्टरमाइंड की तलाश में जुटी

जनमत मुद्दा

क्या पेपर लीक के मामलों में जिम्मेदार जवाबदेही से बच जाते हैं?

mudda@jagran.com पर आप अपनी राय हमें भेज सकते हैं।

झारखंड के रास्ते प्रश्न-पत्र बिहार आने की आशंका : जांच टीम उस चेन को भी खंगाल रही है, जिसके जरिए संजीव तक नीट के प्रश्न-पत्र पहुंचे। इसमें सबसे ऊपर अत्री गिरोह का नाम है। सूत्रों के अनुसार, अत्री गिरोह ने ही संजीव और अतुल वत्स जैसे लोगों को बिहार में प्रश्न-पत्र की प्रति उपलब्ध कराई है। अत्री गिरोह के रवि अत्री का नाम उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल परीक्षा में भी सामने आया था। सूत्रों के अनुसार, अब तक की जांच में बिहार में नीट का प्रश्न-पत्र झारखंड के रास्ते पहुंचने की आशंका भी जताई जा रही है।

संजीव का बेटा डा. शिव था शिक्षक भर्ती का मास्टरमाइंड : संजीव का बेटा डा. शिव ही बिहार लोक सेवा आयोग के द्वारा ली गई शिक्षक भर्ती परीक्षा के तीसरे चरण की परीक्षा (टीआरई-तीन) के प्रश्न-पत्र लीक कांड का मास्टरमाइंड था। भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्रों को ट्रांसपोर्ट के माध्यम से पटना से नवादा भेजने के क्रम में नालंदा के एक रेस्तरां में स्कैन करने के मामले में संजीव की भूमिका सामने आई थी। पिछले माह मई में डा. शिव समेत पांच आरोपितों को पुलिस ने उज्जैन से गिरफ्तार कर लिया था, जिसके बाद पूरे मामले का राजफाश हुआ। सभी ने पूछताछ में बताया कि वह कई वर्षों से प्रश्न-पत्र लीक करवाने के धंधे में लगे हैं, जिससे इन्हें मोटी कमाई होती है।

सीएम से आग्रह, मेरे सचिव को बुलाकर जांच करा लें : तेजस्वी

- नीट पेपर लीक मामले में सचिव पर उठ रही अंगुली
- सीबीआइ, ईडी से लेकर दूसरी सभी जांच एजेंसी उनकी

तेजस्वी यादव • फाइल फोटो

राज्य ब्यूरो, जागरण • पटना : बिहार में नीट पेपर लीक प्रकरण में रोज नए तथ्य सामने आ रहे हैं। गुरुवार को उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के सचिव प्रीतम व सिकंदर प्रसाद यादवेंदु पर आरोपियों से सांठगांठ के आरोप लगाए थे। जिसके बाद तेजस्वी ने शुक्रवार को पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि अगर किसी पर शंका है तो जांच होनी चाहिए। मैं स्वयं मुख्यमंत्री से आग्रह करूंगा कि यदि कोई मामला है तो मेरा सचिव हो, पीए, पीएस या कोई और बुलाकर जांच करा लें।

उन्होंने कहा कि भाजपा शासित राज्य बिहार हो, गुजरात हो या हरियाणा इन तीनों जगह पर पेपर लीक हुए हैं। इसलिए हम चाहते हैं कि नीट की परीक्षा रद हो। तेजस्वी ने कहा कि मई में जब गिरफ्तारी हुई थी, उस वक्त से आवाज उठा रहे हैं कि कार्रवाई करनी चाहिए। जिस इंजीनियर की बात कर रहे हैं, उसे ये ही लोग जल संसाधन से 2021 में नगर विकास विभाग में लाए थे। ये लोग मुख्य आरोपी को बचा रहे हैं, इसलिए मामले को डायवर्ट कर रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाए कि अमित आनंद और नीतीश कुमार कौन है? इनको क्यों बचाया जा रहा है? हमारी पार्टी के राज्यसभा सदस्य मनोज झा ने भी प्रेसवार्ता कर तस्वीरें तक साझा कीं।

एफआइआर सार्वजनिक करे उप्र सरकार : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, जागरण • लखनऊ : सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पुलिस भर्ती परीक्षा मामले में एक बार फिर भाजपा सरकार को घेरा। उन्होंने कहा, यह आरोप गंभीर है कि पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर करवाने वाली गुजरात की कंपनी का ही पेपर लीक करवाने में हाथ है। उसका मालिक जब विदेश भाग गया, तब उप्र सरकार ने उसके बारे में बताया। जनता के गुस्से से बचने के लिए कंपनी को ब्लैक लिस्ट किया गया। सरकार कंपनी और उसके मालिक के खिलाफ एफआइआर की कापी सार्वजनिक करे।

सपा अध्यक्ष ने भाजपा सरकार को घेरा, कहा-परीक्षा कराने वाली कंपनी का ही पेपर लीक करवाने में हाथ होना बेहद गंभीर

अखिलेश ने कहा कि योगी सरकार गुजरात में आरोपित की संपत्ति वसूलने की हिम्मत दिखाए। ऐसे लोग राज्य के 60 लाख युवाओं के भविष्य को बर्बाद करने के दोषी हैं।

IBEF
INDIA BRAND EQUITY FOUNDATION
www.ibef.org

इंडिया ब्रैण्ड इक्विटी फाउण्डेशन
16 वां तल, गोपाल दास भवन, 28, बाराखंभा रोड, नई दिल्ली 110001

रिक्ति सूचना

इंडिया ब्रैण्ड इक्विटी फाउण्डेशन (आईबीईएफ) भारत सरकार, वाणिज्य विभाग द्वारा स्थापित एक ट्रस्ट है जिसका प्राथमिक उद्देश्य विदेशी बाजारों में ब्रैण्ड इंडिया की अंतर्राष्ट्रीय जागरूकता सृजित करना है।

आईबीईएफ नई दिल्ली में निम्नलिखित रिक्तियों के लिए आवेदनपत्र आमंत्रित करता है।

क्र. संख्या	पद का नाम	पदों की संख्या
1	वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त एवं लेखा)	1
2	वरिष्ठ प्रबंधक (डिजिटल मीडिया)	1
3	प्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन)	1
4	प्रबंधक (ज्ञान केंद्र)	1
5	वरिष्ठ कार्यकारी (ब्रांडिंग और संचार)	1

आवेदन करने की अंतिम तिथि **15 जुलाई 2024** है। अपना बायोडाटा **recruitment@ibef.org** पर ई-मेल करें। दूरभाष संख्या 011-43845501 किसी भी पूछताछ के लिए आप हमसे संपर्क कर सकते हैं।

इच्छुक अभ्यर्थी विस्तृत जॉब विवरण, पात्रता मानदंड और आवेदन करने के लिए हमारी वेबसाइट **www.ibef.org/careers.aspx** देखें।

CBC 05125/12/0002/2425

दैनिक जागरण क्लासीफाइड
कम दाम, ज्यादा काम
नौकरी बिजनेस खोया-पाया शिक्षा प्रापर्टी मेडिकल सूचना फिल्म नशा छुड़ाये वैवाहिक
For online booking log on to www.jagranclassifieds.com

आवश्यकता

दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद में सरकारी कार्य हेतु अतिशीघ्र वाहनों की आवश्यकता है Desire, Accent, Ertiga, Wagon R etc, आदि टूर एंड ट्रेवल्स, 9899922830, 9899922836

आवश्यकता है दिल्ली, गुरुग्राम मे 3-फील्ड बॉय, 2-ड्राइवर, केयरटेकर-3, क्लीनर-5 काम करने के लिए न्यूनतम मासिक वेतन 10000-18000. सम्पर्क करें 9310533633, 9716605555

सूचना

हम कमल शर्मा पुत्र तेजराम शर्मा एवं बिमला देवी पत्नी श्री कमल शर्मा निवासी मं॰नं॰-1117, गली नंबर- 2 रामनगर कालोनी अर्थला मोहन नगर थाना साहिबाबाद जिला गाजियाबाद अपने पुत्र श्री राजू शर्मा व पुत्रवधू निशा शर्मा व श्री प्रवीन शर्मा पुत्रवधू रेनू शर्मा के गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद करते हैं। भविष्य में अपने कृत्यों के लिए ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।

मैं धर्मबीर सिंह पुत्र श्री राज सिंह निवासी सी-368 स्वर्णजयंतीपुरम थाना मधुबन बापूधाम गाजियाबाद अपने पुत्र अमर सिंह व उसकी पत्नी प्रिया चौधरी से उनके अभद्र व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पति से बेदखल करता हूँ और सम्बन्ध समाप्त करता हू मेरा व मेरे परिवार का इनसे भविष्य में कोई सम्बन्ध नही होगा ये अपने कृत्यों व लेन-देन के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे।

सूचना

[illegible] DD-223 [illegible] गाजियाबाद [illegible] नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 213 के [illegible] 30 दिवस के अन्दर [illegible]
कर अधीक्षक, [illegible] नगर निगम गाजियाबाद

सार्वजनिक सूचना

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि महक इको सिटी परियोजना जो की महक इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा ग्राम बिशनौली तहसील व परगना दादरी जिला गौतम बुद्ध नगर उ0 प्र0 ,2016 तक विकसित की गयी थी और RWA को हैंडओवर कर दी गई । उक्त परियोजना के आस पास "महक" शब्द के नाम का दुरुपयोग करते हुए अवैध कालोनी काटी जा रही है जिससे कम्पनी महक इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड का कोई सरोकार नहींहै |भविष्य मे किसी भी प्रकार के वाद -विवाद के लिए क्रेता स्वयं जिम्मेदार होंगे और कंपनी का कोई उत्तर दायित्व नहीं होगा|

हम जयकिशन सिंह पुत्र स्व0 चन्दरु सिंह व श्रीमती उषा देवी पत्नी जयकिशन सिंह म0 नं0 ग्राम अतरौली थाना भोजपुर जिला गाजियाबाद अपने पुत्र कुलदीप कश्यप को गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से सदा सदा के लिए बेदखल कर अपने समस्त परिवार से सम्बन्ध विच्छेद करते हैं। भविष्य में अपने कृत्यों के लिए ये स्वयं जिम्मेदार होंगे। द्वारा अधिवक्ता मिन्टू कुमार कश्यप। चैम्बर नो 5 गाजियाबाद

मैं धर्मवीर शर्मा पुत्र वैनीराम निवासी दयानतपुर, जेवर, जीबीनगर अपने पुत्र गौरव को उसके गलत आचरण के कारण अपनी चलअचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

मैं धर्मबीर सिंह पुत्र श्री राज सिंह निवासी सी- 368 स्वर्णजयंतीपुरम थाना मधुबन बापूधाम गाजियाबाद अपने पुत्र अमर सिंह व उसकी पत्नी प्रिया चौधरी से उनके अभद्र व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पति से बेदखल करता हूँ और सम्बन्ध समाप्त करता हू मेरा व मेरे परिवार का इनसे भविष्य में कोई सम्बन्ध नही होगा ये अपने कृत्यों व लेन-देन के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे।

मैं अपने पुत्र सोनू व पुत्रवधू पूनम को उनके गलत आचरण के चलते अपनी चल अचल संपत्ति व संबंधो से बेदखल करती हूं । कौशल पत्नी स्वर्गीय सुभाष कुमार निवासी ग्राम रोरी, मोदीनगर, गाजियाबाद

हम यामीन पुत्र सफीक व इस्लामन पत्नी श्री यामीन निवासी मं॰न0- बी 103, जमालपुर गली न0 1 नजदीक सुनहरी मस्जिद लोनी देहात गाजियाबाद अपने पुत्र फरमान व पुत्रवधू सना के गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद करते हैं। भविष्य में अपने कृत्यों के लिए ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।

सूचना
चाय केन्टीन व साईकिल स्टैण्ड की नीलामी दिनांक 25.6.2024 को प्रात: 11 बजे तहसील परिसर स्याना में की जानी है। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करे।
तहसीलदार स्याना

मैं राजेश शर्मा पत्नी स्व.धर्मवीर शर्मा निवासी मं॰नं॰- 597 तिबडा रोड गली न0 -7 मोदीनगर थाना मोदीनगर जिला गाजियाबाद अपने पुत्र लोकेश शर्मा व पुत्रवधू नेहा शर्मा के गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद करती हूं। भविष्य में अपने कृत्यों के लिए ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।

मैं प्रेमपाल सिहँ पुत्र स्व. श्री ब्रहम सिंह नि. म.नं.-282, गली नं.-4, हरीनगर, घूकना गाजियाबाद ने अपने भाई विपिन कुमार व उसकी पत्नी श्वेता दत्त से उनके दुर्व्यहार गलत आचरण के कारण समस्त संबंध समाप्त कर लिए हैं, भविष्य में उक्त दोनों अपने सभी कृत्यों-लेन-देन हेतु स्वयं जिम्मेदार होंगे, मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी

मैं देवीराम पुत्र स्व0 श्री मानसिंह निवासी मं॰ नं॰- 3/99 निकट सफेद गेट वजीराबाद रोड भौपुरा थाना टीला मोड जिला गाजियाबाद अपने पुत्र अर्जुन व पुत्रवधू संजना उर्फ़ बबली को उनके गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर उनसे अपने सभी सम्बन्ध विच्छेद करता हूं। भविष्य में ये दोनो अपने कृत्यों के लिए ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।

मैं धनुषपाल पुत्र हरी किशन निवासी थोरा, जेवर, गौतमबुद्धनगर अपनी पुत्री ऋतु गौतम को उसके गलत आचरण के चलते अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में अपने कृत्यों की वह स्वयं जिम्मेदार होगी।

मैं रामचन्द पुत्र बनवारी लाल निवासी-चोटपुर कालोनी, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर का पोतिमा पुत्री नोदूर हालदार निवासी ग्राम पोतापाडा जिला उत्तर, 24 परगना, बंगाल, से मेरा न तो कोई संबंध है और भविष्य में मेरा व मेरी चल-अचल सम्पत्ति से इसका कोई वास्ता नहीं होगा।

प्रापर्टी

ROHINI
Best Investment Option
ROHINI SECTOR 34, 35, 36, 37, 38
Availability of PLOTS IN ROHINI
DDA Liaison Freehold of Plots
7042292279

ROHINI
SALE / PURCHASE PLOTS ALLOTED BY DDA
Sector-1 to 38
LIAISON / COLLABORATION / New Allotment Investment
8448552918

नाम परिवर्तन

मेरे पासपोर्ट में मेरे व मेरे पिता के सरनेम नाम की स्पेलिंग में JHADI दर्ज है। जो कि गलत है जब कि सरनेम की सही स्पेलिंग आधार कार्ड के अनुसार JADI है। अत: सही सरनेम JADI माना व समझा जाएगा। जाडि दिवाकर पुत्र जाडि मल्लू निवासी 4-5 मुत्तमपेट कोमरम भीम तेलंगाना, 504299

मनोरमा शर्मा व रजनी कुमारी दोनों मेरे ही नाम है भविष्य के सभी उद्देश्य हेतु मुझे मनोरमा शर्मा W/O मलूकी शर्मा निवासी आरसी 185, वंदना एनक्लेव खोड़ा कॉलोनी गाजियाबाद के नाम से जाना जाए।

It is for general information that I PRAFUL S/O SATAN HAZRA R/O 98 NEELAM VIHAR SOCIETY, SECTOR-14, I E SAHIBABAD, GHAZIABAD, UTTAR PRADESH-201010 declare that name of mine and my father has been wrongly written as PRAFULLO and HAZRA SATAN in my 10th, 12th and B.A educational documents. The actual name of mine and my father are PRAFUL and SATAN HAZRA respectively which may be amended accordingly.,

मैं रुस्तम पुत्र बाबू खान निवासी निकट पेठ का चबूतरा धौलाना (जिला हापुड़) मकान नंबर 862 मेरा नाम रुस्तम खान को चार्ज किया गया है । भविष्य में मुझे Rustam Khan रुस्तम खान के नाम से जाना जाए ।

BRIJVALA SHRIVASTVA W/O KRISHNA PAL GUPTA R/O D -77, VIDYUT NAGAR COLONY, NTPC, DADRI, GAUTAM BUDH NAGAR , UTTAR PRADESH,201008,HAVE CHANGED MY NAME TO BRIJBALA IN FUTURE I WILL BE KNOWN AS BRIJBALA FOR ALL PURPOSE.

I, hitherto known as SANIYA SINHA D/o VIVEK KR SINHA, R/o N1-001, Supertech Eco-Village-1, Greater Noida West, Near Arihant Arden, Greater Noida, PO: Bisrakh, Dist: Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh-201306, have changed my name and shall hereafter be known as SARA SINHA.

Classifieds दैनिक जागरण
YOU CAN BOOK CLASSIFIED ADVT. OVER PHONE in Delhi-NCR
For More Details Contact
· Delhi : Pawan Kapoor- 9717992054
· Noida & Gr. Noida : Vijay Kumar- 9717992064, Prince Pandey 9711833750
· Ghaziabad : Vijay-7836083223
· Gurugram : Chandan- 9015633399
·Faridabad : Manish Jha- 9650325028

निजी एजेंसियों के भरोसे एनटीए

- हर वर्ष लगभग दो करोड़ छात्रों की परीक्षाएं कराता है एनटीए, सारा काम ठेके व आउटसोर्सिंग के जरिये
- शीर्ष 15 अधिकारियों को छोड़ एडवाइजर, टेक्नीकल स्टाफ नियुक्ति का जिम्मा भी निजी एजेंसियों के पास

कठघरे में एनटीए, सीरीज-1

अरविंद पांडेय • जागरण

नई दिल्ली : राष्ट्रीय स्तर पर परीक्षाओं को हर छात्र के लिए समान बनाने, स्वच्छ रखने और गड़बड़ियों को रोकने के लिए जिस नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) का गठन किया गया है, आज वही गड़बड़ियों का गढ़ बन गई है। हाल में एक के बाद एक लगातार तीन परीक्षाओं यानी नीट-यूजी, यूजीसी-नेट और बीएड प्रवेश परीक्षा में सामने आई गड़बड़ियां इसके उदाहरण हैं, जिसमें न सिर्फ लाखों छात्रों का भविष्य दांव पर है। पूरी जांच के बाद तो परतें खुलेंगी ही, लेकिन एनटीए पर उठ रहे सवालों के पीछे सबसे बड़ी वजह है निजी एजेंसियों को ठेका व्यवस्था, जिसमें परीक्षा से लेकर मानव संसाधन तक सब कुछ ठेके और आउटसोर्सिंग पर है।

2017 में बड़े उद्देश्य के साथ गठित एनटीए के शुरुआती कुछ वर्ष ठीक रहे। दरअसल तीन-चार वर्ष पहले तक एनटीए के जरिये सारी परीक्षाओं का जिम्मा एनआइसी, टीसीएस जैसी कुछ बेहद विश्वसनीय एजेंसियों के पास था। लेकिन परीक्षाओं के बढ़ते दबाव और किफायत जैसे कई कारणों से एनटीए में ऐसी निजी एजेंसियों का प्रवेश हो गया, जिनके पास अनुभव की कमी थी। सूत्रों के अनुसार, इस एजेंसियों के साथ ऐसे लोग भी आए, जिनका वेरिफिकेशन भी नहीं हुआ। आज के दिन परीक्षाओं का पूरा जिम्मा ऐसी दर्जनों एजेंसियों के पास है।

एनटीए के पास खुद का अपना कोई अमला नहीं है। उसके पास चेयरमैन, महानिदेशक सहित कुल 15 अधिकारियों की टीम है और वे भी प्रतिनियुक्ति पर आते हैं। यही टीम परीक्षाओं के आयोजन को देखती है और परीक्षाएं कराने के लिए एजेंसियों के चयन का फैसला करती है। इनके नीचे जो टीम रहती है, वह भी ठेके पर होती है। यानी उनकी तैनाती आउटसोर्सिंग कंपनी के जरिये की जाती है। एनटीए ने 21 अक्टूबर, 2023 को इसे लेकर एक टेंडर जारी किया था, जिसमें टेक्नीकल स्टाफ से लेकर एडवाइजर तक की नियुक्ति के लिए एक निजी एजेंसी की निविदाएं आमंत्रित की गई थीं।

कम रेट पर बड़ी परीक्षाएं कराने का मिल जाता है जिम्मा

सूत्रों की मानें तो एजेंसियों के चयन में गुणवत्ता पर कम, बल्कि रेट पर ज्यादा फोकस होता है। एजेंसियां भी टेंडर लेने के दौरान मानकों को पूरा करने का भरोसा देती हैं, लेकिन परीक्षा के दौरान वे उसे पूरा नहीं कर पातीं। नीट-यूजी, जेईई मेन जैसी कई परीक्षाओं में यह देखने को मिला है, जहां एजेंसियों ने बिना कैमरों के ही परीक्षा करा ली या फिर कुछ कैमरों से ही काम चला लिया।

संयुक्त सीएसआइआर यूजीसी नेट की परीक्षा स्थगित

नई दिल्ली, जेएनएन : राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ने शुक्रवार को संयुक्त सीएसआइआर यूजीसी नेट परीक्षा जून-2024 को स्थगित करने की घोषणा की है। इसका आयोजन एनटीए की ओर से ही कराया जाता है। ये परीक्षा 25 से 27 जून के बीच होनी थी। इस परीक्षा के आयोजन के लिए संशोधित कार्यक्रम की घोषणा बाद में आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से की जाएगी।

कौन-कौन सी बड़ी परीक्षाएं कराता है एनटीए

नीट-यूजी	करीब 24 लाख
नीट-पीजी	करीब दो लाख
जेईई मेन	करीब 12 लाख (दो शिफ्टों में आयोजन-दोनों ही बार करीब 12 लाख छात्र)
सीयूईटी-यूजी	करीब 13 .50 लाख
सीयूईटी-पीजी	करीब पांच लाख
यूजीसी-नेट	करीब 11 लाख
एनसीटीई एंट्रेंस टेस्ट	करीब 50 हजार
सीटेट	15 लाख छात्र

नीट व नेट को लेकर दिग्विजय ने संघ और बजरंग दल पर साधा निशाना

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया • भोपाल : भोपाल में शुक्रवार को आयोजित कांग्रेस के धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए दिग्विजय ने सवाल उठाते हुए कहा कि नीट व नेट घोटाले पर आरएसएस और बजरंग दल वाले मौन क्यों हैं? देश में 14.5 लाख विद्यार्थी नीट में पेपर लीक होने से प्रभावित हुए हैं। इनमें 12 लाख हिंदू और मुस्लिमों की संख्या पांच से 10 प्रतिशत ही होगी। आरएसएस, बजरंग दल और एबीवीपी सब मिलकर परीक्षा निरस्त क्यों नहीं कराते?

प्रदीप जोशी पर साधा निशाना : प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि नीट के पेपर लीक कांड की जांच के लिए उन्हीं प्रदीप जोशी को जांच समिति का अध्यक्ष बना दिया, जो इसके लिए जिम्मेदार हैं। उनका त्याग-पत्र लिया जाए। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने एक्स पर पोस्ट किया कि देश में पिछले पांच वर्ष में 43 भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हुए हैं।

विद्यार्थियों को हिंदू-मुस्लिम में बांटने पर शर्म करें दिग्विजय : दिग्विजय सिंह के हिंदू और मुस्लिम विद्यार्थियों की बात करने पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि दिग्विजय सिंह को शर्म आनी चाहिए, वह विद्यार्थियों को भी हिंदू-मुस्लिम में बांट कर शिक्षा को भी धर्म के आधार पर विभाजित कर रहे हैं।

पटना हाई कोर्ट ने नए पेड़ काटने पर लगाई रोक

राज्य ब्यूरो, जागरण • पटना : पटना हाई कोर्ट ने गया जिले में बालू खनन के लिए 18 हजार नए पेड़ को काटने पर रोक लगा दी, साथ ही बालू खनन कंपनी सियाराम कंस्ट्रक्शन को नोटिस जारी किया है। मुख्य न्यायाधीश के. विनोद चन्द्रन एवं न्यायाधीश हरीश कुमार की खंडपीठ ने रौशन कुमार की याचिका पर सुनवाई करते हुए मगध प्रमंडल के आयुक्त समेत गया के डीएम और खनन विभाग को जवाबी हलफनामा दायर कर स्थिति स्पष्ट करने का आदेश दिया है। इस मामले की अगली सुनवाई 26 जुलाई को होगी। याचिकाकर्ता द्वारा कोर्ट को बताया गया कि देवगांव में वर्ष 2020-21 में मनरेगा के तहत फल्गु नदी के किनारे 18 हजार पौधे लगाए गए थे। पौधे बढ़कर पांच-छह फीट के हो गए हैं। अगर इतनी बड़ी संख्या में पेड़ों को काटा जाता है, तो इससे जलवायु परिवर्तन होगा।

पतंजलि अनुसंधान ने खोजी विश्व के लिए एक नई वनस्पति

जागरण संवाददाता, हरिद्वार : उत्तराखंड के हिमालयी क्षेत्र यमुनोत्री में एक ऐसा पौधा पाया गया है, जो आज तक विश्व के लिए अज्ञात था, जिसे कैम्पेन्यूला डेन्सीसिलिएटा के नाम से पहचाना गया। इसका फूल बैंगनी रंग का था। पतंजलि की रिसर्च टीम की ओर से जब गहन अनुसंधान किया गया तो यह पाया कि यह पौधा पूरे विश्व में अभी कहीं भी नहीं मिलता है। आचार्य बालकृष्ण ने बताया कि पतंजलि के इस अनुसंधान को न्यूजीलैंड के विश्व प्रसिद्ध वनस्पति अनुसंधान जर्नल फाइटोटेक्सा ने प्रकाशित किया है। इसे क्यू बाटनिकल गार्डन, यूके की ओर से अंतरराष्ट्रीय पादप नाम सूची (आइपीएनआइ) में शामिल किया गया। पतंजलि के अनुसंधानों ने देश के गौरव को बढ़ाने का कार्य किया है।

यमुनोत्री में पाई गई नई वनस्पति कैम्पेन्यूला डेन्सीसिलिएटा का फूल • साभार पतंजलि।

सार्वजनिक नोटिस

"जेवर ट्रांसमिशन लिमिटेड" जिसका पंजीकृत कार्यालय दूसरी मंजिल, निर्यात भवन, राव तुलाराम मार्ग, वसंत विहार, आर्मी हॉस्पिटल एंड रेफरल के सामने, नई दिल्ली- 110057 है, ने बिजली के पारेषण के लिए विद्युत लाइनें या विद्युत संयंत्र लगाने के लिए विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 164 के तहत सभी शक्तियां प्रदान करने के लिए भारत सरकार को आवेदन करने का इरादा रखता है/आवेदन किया है| बिजली के पारेषण के लिए या टेलीफोन या टेलीग्राफिक संचार के प्रयोजन के लिए विद्युत लाइनें या विद्युत संयंत्र लगाने के लिए कार्यों के उचित समन्वय के लिए आवश्यक है जो टेलीग्राफ प्राधिकरण के पास भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 के तहत टेलीग्राफ लाइनों को रखने के संबंध में है और टेलीग्राफ के प्रयोजन के लिए सरकार द्वारा स्थापित या बनाए रखा जाने वाला या स्थापित या बनाए रखा जाने वाला पोस्ट सर्वेक्षण, निर्माण, स्थापना, निरीक्षण, निर्माण और कमीशनिंग, संचालन, रखरखाव और अन्य कार्यों के बाद सर्वेक्षण, निर्माण, स्थापना, निरीक्षण, निर्माण और अन्य कार्य करेगा|

ट्रांसमिशन योजना का नाम: जेवर ट्रांसमिशन लिमिटेड
योजना के अंतर्गत शामिल कार्य:

क्र.सं.	ट्रांसमिशन योजना का दायरा	क्षमता/ किमी
1	400/220 केवी, 2×500 एमवीएजीआईएस सबस्टेशन जेवर (गौतमबुद्धनगर) का निर्माण (125 एमवीएआर रिएक्टर के साथ)	400 केवी जीआईएस फीडर बे – 02 Nos. 400 केवी जीआईएस बस कपलर बे – 01 Nos. 400 केवी जीआईएस बस रिएक्टर बे - 01 Nos. 400 केवी जीआईएस आईसीटी बे – 02 Nos. 220 केवी जीआईएस बस कपलर बे – 01 Nos. 220 केवी जीआईएसआईसीटी बे – 02 Nos. 220 केवी जीआई एसइंटरकनेक्टिंग (220 केवीएस/एसजेवर) बे – 02 Nos. 220 केवी जीआईएस फीडर (220 केवीएस/एस सेक्टर-28 यीडा) बे-02 Nos.
2	400 केवी ग्रेटर नोएडा (765 केवी) – सेक्टर -148 एकसीकेटीकालिलो	2.5 KM Approx.
3	220/33 केवी, जीआईएस सबस्टेशन कैंट, (चौकाघाट) वाराणसी का निर्माण	220 केवी जीआईएस फीडर बे – 02 Nos 220 केवी जीआईएस बस कपलर बे – 01 No. 220 केवी जीआईएस आईसीटी बे – 02 Nos 33 केवी जीआईएस फीडर बे – 12 Nos 33 केवी जीआईएस ट्रांसफर बस कपलर बे – 01 No. 33 केवी जीआईएस आईसीटी बे – 02 Nos
4	220 केवी सारनाथ (400) की एकसीकेटीकालिलो| (चौकाघाट) वाराणसी	38 KM Approx.
5	220/33 केवीजीआईएस सबस्टेशन वसुंधरा (गाजियाबाद) का निर्माण	220 केवी जीआईएस फीडर बे – 03 Nos 220 केवी जीआईएस फीडर बे (अतिरिक्त) – 01 Nos 220 केवी जीआईएस बस कपलर बे- 01 Nos 220 केवी जीआईएस आईसीटीबे – 03 Nos 33 केवी जीआईएस फीडर बे – 10 Nos 33 केवीजीआईएस ट्रांसफर बस कपलर बे – 01 Nos 33 केवी जीआईएस बस खंडीकृत बे – 02 Nos 33 केवी संधारित्रबैंक बे (1x10 एमवीएआर) – 03 Nos 33 केवी जीआईएस आईसीटी बे – 03 Nos 33/0.4 केवी स्टेशन ट्रांसफार्मर बे – 02 Nos
6	220 केवी मुरादनगर (400)-साहिबाबाद (220) एससी लाइन का 220 केवी सबस्टेशन वसुंधरा (गाजियाबाद) में एकसीकेटी का LILO	0.5 KM Approx.
7	220 केवी इंदिरापुरम (400) - वसुंधरा एससी लाइन	7 KM Approx.
8	220/132/33 केवी, सबस्टेशन खागा (फतेहपुर) का निर्माण	220 केवी फीडर बे – 02 Nos 220 केवी अतिरिक्त फीडर बे – 02 Nos 220 केवी बस कपलर – 01 Nos 220 केवी ट्रांसफर बस कपलर – 01 Nos 220 केवी आईसीटी बे – 02 Nos 132 केवी फीडर बे – 03 Nos 132 केवी अतिरिक्त फीडर बे – 01 Nos 132 केवी बस कपलर – 01 Nos 132 केवी ट्रांसफर बस कपलर – 01 Nos 132 केवी आईसीटी बे – 04 Nos 33 केवी फीडर बे – 07 Nos 33 केवी ट्रांसफर बस कपलर बे – 01 Nos 33 केवी आईसीटी बे – 02 Nos
9	220 केवी फतेहपुर (765) पीजी- खागा डीसी लाइन	28 KM Approx.
10	132 केवी खागा (220) - खागा डीसी लाइन	24 KM Approx.
11	132 केवीखागा (220) - हुसैनगंज एससी लाइन	25 KM Approx.

इस योजना के अंतर्गत शामिल ट्रांसमिशन लाइनें निम्नलिखित गांवों, कस्बों और शहरों के बीच से होकर गुजरेंगी:-
परियोजना का नाम: जेवर ट्रांसमिशन लिमिटेड

जेवर ट्रांसमिशन लिमिटेड सबस्टेशन के साथ संबद्ध ट्रांसमिशन लाइनों

ग्राम सूची

क्र.सं.	जिला	तहसील	गांव
1	गौतमबुद्धनगर	जेवर	मकसूदपुर, सेक्टर-32, सेक्टर-33, चक बीरामपुर
2	वाराणसी	पिंडरा	गाडर, मुर्दी, तारापुर, गौरी, नहिया, बैरवा, दल्लीपुर, धरमनपुर, सराय तक्की, हथिवार, बाबतपुर
		सदर	चौका घाट, स्टेशन रोड, नदेसर ताल रोड, कैंटोनमेंट बोर्ड, एआरओ स्टेडियम
3	गाज़ियाबाद	सदर	काला पत्थर इंदिरापुरम, काला पत्थर रोड, शक्ति खंड-३, सीआईएसएफ-साहिबाबाद रोड, सेक्टर-5 वसुंधरा, सेक्टर-4 बी वसुंधरा, सेक्टर-3 वसुंधरा
4	फतेहपुर	फतेहपुर	टीकर, मीरपुर, चक कोरी सादात, मीसा, असवा बक्सपुर, वीरा बुढ़ानपुर, दानियालपुर , शंकरपुर, हसवा, सुल्तानपुर खालसा, मोहम्मदपुर नेवादा, अब्दुल्लापुर घूरी, करमचंद्रपुर सांडा, बेती सादात, लतीफपुर, सुखपुर, पूरे इल्मास, ओबी, हैबतपुर, अहमदपुर, पड़री, बेरा गढ़ीवा,चौके खा, अहमदपुर, मिश्रमाऊ, ओबी, सुखपुर, बेंती सादात, मोहम्मदपुर नेवादा, हसवा, जमालपुर, रसूलपुर ममैया, छितामपुर, मीसा, मीरपुर, कोर्रह सादात नारायणपुर, औरेई , धर्मपुर सातो.
		खागा	सुजरही, टिकरी, तिलोचनपुर, रायपुर, लछमनपुर, भखरना, रामीपुर, संग्रामपुर, धरमगदपुर, रसूलपुर, सुलातनपुर, खेमकरनपुर बसई, हरदों.

लाइन रूट संरेखण की प्रतिअधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध है|जन साधारण को इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से दो महीने के भीतर 20.08.2024 से पहले लिखित रूप में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तावित ट्रांसमिशन सिस्टम पर अवलोकन/अभ्यावेदन देने के लिए नोटिस दिया जाता है| अधिक विवरण और स्पष्टीकरण के लिए कृपया संपर्क करें:

तारीख– 22.06.2024

एम. रघु कुमार (निदेशक)
दूसरी मंजिल, निर्यात भवन, राव तुलाराम मार्ग,
वसंत विहार, आर्मी हॉस्पिटल एवं रेफरल के सामने, नई दिल्ली-110057
ईमेल: info@jtl.in.net, फ़ोन नंबर +91-11-2614077
फैक्स: +91-11-41052064, Mob: 8790994621/ 9676404605